मध्य रेल

भुसावल मंडल

# तापी

## त्रैमासिक ई-सूचना पत्र

अंक 4 जुलाई-सितंबर 2012



वेब साइट: http://www.cr.indianrailways.gov.in/aboutus/divisions/bhusawal

# समाचार दर्शन

## माननीय महाप्रबंधक, मध्य रेल श्री सुबोध जैन का मंडल पर आगमन

## एमओएच शेड, भुसावल का निरीक्षण

19.07.2012






लोको गैलरी



माननीय महाप्रबंधक श्री सुबोध जैन
स्टेटिक इक्युपमेंट विभाग का उद्घाटन करते हुए

# समाचार दर्शन

## मान्नीय महाप्रबंधक, मध्य रेल श्री सुबोध जैन का मंडल पर आगमन

## पीओएच कारखाना, भुसावल का निरीक्षण

19.07.2012



मान्नीय महाप्रबंधक श्री सुबोध जैन इंजन नं. 22929 डब्ल्यूएपी 4 का लोकार्पण करते हुए






मान्नीय महाप्रबंधक श्री सुबोध जैन डब्ल्यूएपी 4 इंजन नं. 22929 का निरीक्षण करते हुए

# मंडल पर राजभाषा कार्यान्वयन

## जुलाई 2012

- मंडल के महत्वपूर्ण एवं बडे स्टेशनों पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों अर्थात बुरहानपुर स्टॆशन, जलगांव स्टेशन, चालीसगांव स्टेशन और भुसावल स्टॆशन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

- इस माह में भुसावल और चालीसगांव स्टेशन पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा निरीक्षण किया गया।

- मंडल कार्यालय के मुंशी प्रेमचंद हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय में दिनांक 31.07.2012 को मुंशी प्रेमचंद जी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पाठक सदस्यों ने इन प्रेमचंद के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, प्रेमचंद द्वारा रचित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी और कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित थे।



मुंशी प्रेमचंद
जन्म: 31.07.1880





श्री एम. के.गायकवाड, मंडल कार्य अध्ययन अधिकारी माल्यार्पण करते हुए

- मंडल कार्यालय के मुंशी प्रेमचंद हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय में दिनांक 31.07.2012 को पाठक मंच की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालयों के सदस्यों ने वर्तमान वर्ष में खरीद की जाने वाली पुस्तकों के बारे में अपने सुझाव दिए।

## अगस्त 2012

- माह के दौरान मनमाड, शेगांव, मुख्य यार्ड मास्टर भुसावल, अकोला, एमओएच शेड भुसावल और बडनेरा स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकें आयोजित की गईं जिसमें राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा सभी सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

- इस माह में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा अकोला और मनमाड स्टेशनों पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी निरीक्षण किए गए।

- एमओएच शेड भुसावल में स्थित हिंदी पुस्तकालय में दिनांक 03.08.2012 को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त नासिक रोड स्टेशन पर स्थित हिंदी पुस्तकालय में दिनांक 17.08.2012 को अमृतलाल नागर तथा चालीसगांव स्टेशन पर स्थित हिंदी पुस्तकालय में दिनांक 30.08.2012 को भगवती चरण वर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पाठक सदस्यों ने इन साहित्यकारों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, उक्त साहित्यकारों द्वारा रचित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी पुस्तकालयों में लगाई गई।



मैथिलीशरण गुप्त
जन्म: 03.08.1886



अमृतलाल नागर
जन्म: 17.08.1916



भगवती चरण वर्मा
जन्म: 30.08.1903

## सितंबर 2012

गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी माह सितंबर 2012 को मंडल कार्यालय में 'राजभाषा माह' के रूप में मनाया गया। 'राजभाषा माह' के दौरान विभिन्न गतिविधियां कार्यान्वित की गईं जिनका संक्षेप में विवरण इस प्रकार है :-

# राजभाषा माह के दौरान संपन्न गतिविधियां

## कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला

राजभाषा हिंदी में कार्यालयीन कामकाज करने में कर्मचारियों की झिझक दूर करने के उद्देश्य से मंडल कार्यालय के लिपिकवर्गीय कर्मचारियों के लिए 03 सितंबर, 2012 को पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला शुरू की गई।

पहले दिन की कार्यशाला में राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल ने 'राजभाषा नीति तथा हिंदी टिप्पण आलेखन' के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी। दूसरे दिन प्रथम सत्र में 04 सितंबर को श्री एच.वी.सुमंत, राजभाषा अधीक्षक ने 'हिंदी में पत्राचार' तथा दूसरे सत्र में मंडल कार्य अध्ययन अधिकारी श्री एम.के.गायकवाड ने 'लिप्यंतरण किए गए शब्द एवं उनके उचित प्रयोग' के बारे में कर्मचारियों को अभ्यास कराया। तीसरे दिन 05 सितंबर को राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल ने प्रथम सत्र में 'हिंदी व्याकरण' और दूसरे सत्र में 'पारिभाषिक शब्दावली' के प्रयोग के बारे में बताया। चौथे दिन 06 सितंबर को राजभाषा अधिकारी(निर्माण) श्री विश्वामित्र ने प्रथम सत्र में 'राष्ट्रभाषा एवं प्रावधान' तथा दूसरे सत्र में 'अंग्रेजी से भिन्न भाषाओं के शब्द एवं उनके पर्याय' के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ अभ्यास भी कराया। कार्यशाला के अंतिम दिन 07 सितंबर के प्रथम सत्र में राजभाषा सहायक-I श्री मुश्ताक शेख ने 'प्रोत्साहन योजनाओं' के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे सत्र में अपर मंरेप्र एवं अपर मुराधि श्री पी.वी.बारापात्रे ने 'हिंदी और अंग्रेजी दोनों में किए जाने वाले कार्यों तथा केवल हिंदी में किए जाने वाले कार्यों' की जानकारी कर्मचारियों को दी।

इसके अतिरिक्त, इस अवसर पर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में आने वाली दिक्कतों के बारे में अपर मुराधि ने कर्मचारियों से पूछताछ की तथा समस्याओं के निराकरण के लिए उपाय भी सुझाया।

सत्र के अंत में कार्यशाला में उपस्थित कर्मचारियों की परीक्षा भी ली गई जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को नकद पुरस्कार तथा कार्यशाला में सम्मिलित कर्मचारियों को अपर

मुराधि के कर-कमलों से प्रमाण-पत्र तथा सहायक साहित्य के रूप में पॉकेट अंग्रेजी हिंदी शब्दकोश प्रदान किया गया।



अपर मंरेप्र एवं अपर मुराधि श्री प्रदीप वी. बारापात्रे कर्मचारियों से प्रतिपुष्टि प्राप्त करते हुए

कार्यशाला में पढाए गए विषयों के बारे में कर्मचारियों से प्रतिपुष्टि भी ली गई जिसकी प्रतिक्रिया आगामी कार्यशालाओं आयोजन में निस्संदेह उपयोगी रहेगी। इस कार्यशाला में कुल 30 कर्मचारियों ने भाग लिया। राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल ने कर्मचारियों को मार्गदर्शन देने तथा उनका उत्साहवर्धन करने के लिए अपर मुराधि तथा सभी व्याख्याताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

***काम की शुरुआत, हिंदी के साथ***

# अंशकालिक हिंदी पुस्तकाध्यक्षों के लिए कार्यशाला

भुसावल मंडल पर निम्नलिखित कुल 17 हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय चलाए जा रहे हैं :-

| क्र. | पुस्तकालय एवं वाचनालय का नाम | कुल पुस्तकें |
|---|---|---|
| 1. | मुंशी प्रेमचंद हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, मंरेप्र कार्यालय, भुसावल | 3433 |
| 2. | जयशंकर प्रसाद हिंदी पुस्तकालय, ताप्ती क्लब, भुसावल | 240 |
| 3. | आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी हिंदी पुस्तकालय, रेलवे स्कूल, भुसावल | 1267 |
| 4. | मैथिलीशरण गुप्त हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, एमओएच शेड भुसावल | 2010 |
| 5. | रामधारीसिंह दिनकर हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, एरिया मैनेजर, भुसावल | 1623 |
| 6. | रांगेय राघव हिंदी पुस्तकालय, एअर ब्रेक डिपो (आरओएच) भुसावल | 1033 |
| 7. | महादेवी वर्मा हिंदी पुस्तकालय, बीटीसी लोको शेड, भुसावल | 2833 |
| 8. | भवानीप्रसाद मिश्र हिंदी पुस्तकालय, एटीटीएस, भुसावल | 1531 |
| 10. | माखनलाल चतुर्वेदी हिंदी पुस्तकालय, रेलवे इन्स्टीट्यूट, खंडवा | 3192 |
| 11. | राहुल सांकृत्यायन हिंदी पुस्तकालय, रेलवे इन्स्टीट्यूट, शेगांव | 1937 |
| 12. | डा.हरिवंशराय बच्चन हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, स्टेशन प्रबंधक, मुर्तिजापुर | 1024 |
| 13. | आचार्य रामचंद्र शुक्ल हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, बडनेरा | 1900 |
| 14. | देवकीनंदन खत्री हिंदी पुस्तकालय, स्टेशन प्रबंधक, जलगांव | 1052 |
| 15. | भगवतीचरण वर्मा हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, स्टेशन प्रबंधक चालीसगांव | 1264 |
| 16. | सुमित्रानंदन पंत हिंदी पुस्तकालय, रेलवे इन्स्टीट्यूट, नांदगांव | 3403 |
| 17. | अमृतलाल नागर हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, नासिकरोड | 2250 |
| | कुल | 29992 |

हिंदी पुस्तकालयों का अनुरक्षण, पुस्तकों का रखरखाव, स्टाक सत्यापन, पुस्तकालय नाम बोर्ड, साहित्यकार का चित्र एवं उनकी रचनाएं, पत्र-पत्रिकाओं की खरीद, पुस्तकों का लेन-देन, रद्दी का निपटारा, संबंधित रजिस्टर रखने तथा पुस्तकालयों को और अधिक उपयोगी बनाने के संदर्भ में 04 सितंबर, 2012 को मंडल के सभी अंशकालिक पुस्तकाध्यक्षों के लिए मंडल कार्यालय में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में श्री संतोषकुमार उपाध्याय, ग्रंथपाल, सीनियर सेकंडरी (अंग्रेजी माध्यम) स्कूल, भुसावल तथा श्री रामप्रसाद शुक्ल, राजभाषा अधिकारी द्वारा सभी पुस्तकाध्यक्षों के साथ विचार-विमर्श किया गया, उनके सुझाव मांगे गए और मार्गदर्शन किया गया।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सचिवों के लिए कार्यशाला

मंडल पर कुल 14 राजभाषा कार्यान्वयन समितियां हैं जो इस प्रकार हैं :-

| क्र. | समिति |
|---|---|
| 1. | मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मंडल कार्यालय, भुसावल |
| 2. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल |
| 3. | राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एमओएच शेड, भुसावल |
| 4. | राजभाषा कार्यान्वयन समिति, क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय, भुसावल |
| 5. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, खंडवा |
| 6. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बुरहानपुर |
| 7. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुर्तिजापुर |
| 8. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बडनेरा |
| 9. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अकोला |
| 10. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शेगांव |
| 11. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जलगांव |
| 12. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, चालीसगांव |
| 13. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मनमाड |
| 14. | स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नासिक रोड |

राजभाषा हिंदी के प्रयोग- प्रसार की प्रगति संबंधी रिपोर्ट तैयार करने, प्रगति की समीक्षा हेतु बैठकें आयोजित करने तथा बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों का अनुपालन करने आदि मदों पर एक साथ विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श करने के लिए 05 सितंबर, 2012 को मंडल कार्यालय में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य सचिवों की एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में मंडल के राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल द्वारा सदस्य सचिवों का मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्य अध्ययन अधिकारी श्री एम.के.गायकवाड ने भी अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किए।

*घर में मातृभाषा, दफ्तर में राजभाषा*

# कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच

राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए एक अनुकूल एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने तथा कर्मचारियों के बीच सकारात्मक भावना जागृत करने के उद्देश्य से 06 सितंबर, 2012 को मंडल कार्यालय के कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री पी.वी.बारापात्रे, मंडल कार्य अध्ययन अधिकारी श्री एम.के.गायकवाड, राजभाषा अधिकारी (निर्माण) श्री विश्वामित्र उपस्थित थे। प्रश्नमंच का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री रामप्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ने प्रश्न पूछकर और सही उत्तर के लिए पुरस्कार देकर प्रश्नमंच की शुरुआत की। इस प्रश्नमंच में राजभाषा, खेल एवं समसामायिक विषयों से संबंधित कुल 40 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नमंच का बहुत ही उत्साहवर्धक प्रतिसाद रहा। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ने भविष्य में और बडे पैमाने पर राजभाषा प्रश्नमंच आयोजित किए जाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अंत में राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल ने अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, उपस्थित अधिकारियों तथा सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच - अपर मंरेप्र एवं अपर मुराधि श्री प्रदीप वी. बारापात्रे पुरस्कार प्रदान करते हुए

# हिंदी निबंध, टिप्पण एवं आलेखन तथा वाक्प्रतियोगिता

हिंदी सप्ताह / पखवाडा के दौरान केंद्र सरकार के कार्यालयों में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाने के निर्देश रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए हैं। इस निर्देश के अनुसरण में मंडल स्तर पर 11 सितंबर को प्रथम सत्र में हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता तथा द्वितीय सत्र में हिंदी निबंध प्रतियोगिता और 12 सितंबर को हिंदी वाक्प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री महेश कुमार गुप्ता के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इन प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेना है और क्षेत्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के बाद उन्हें अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुअवसर मिलेगा।

मंडल स्तर पर आयोजित हिंदी वाक्प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में श्री बी. पी. पांडेय, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री ए. बी. चौरे, मंडल सामग्री प्रबंधक तथा श्री एम. के. गायकवाड, मंडल कार्य अध्ययन अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया।




हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं आलेखन तथा हिंदी वाक्प्रतियोगिता में प्रतिभागीगण

# हिंदी निबंध, टिप्पण एवं आलेखन तथा वाक प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत प्रतिभागी

## 1. हिंदी निबंध प्रतियोगिता

1. श्री दिनेश पेंदाम, का.अधी., विद्युत, टीआरओ .. प्रथम
2. श्री प्रवीण कुमार वर्मा, वरि.कार्य अध्ययन निरीक्षक .. द्वितीय
3. श्री सी.बी.कुमार, वरि.कार्य अध्ययन निरीक्षक .. तृतीय
4. श्री विजयेंद्र कुमार ठाकुर, का.अधी., कार्मिक .. सांत्वना-I
5. श्री राजेंद्र बाबू प्रजापति, लोको पायलट, विद्युत (टीआरओ) .. सांत्वना-II

## 2. हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता

1. श्री उमेश अग्रवाल, मु.का.अधी., यांत्रिक .. प्रथम
2. श्री एम.डी.तायडे, आशुलिपिक, यांत्रिक .. द्वितीय
3. श्रीमती भावना अजय झा, का.अधी., परिचालन .. तृतीय
4. श्री विजयेंद्र कुमार ठाकुर, का.अधी., कार्मिक .. सांत्वना-I
5. श्री सी.बी. कुमार, वरि.कार्य अध्ययन निरीक्षक .. सांत्वना-II

## 3. हिंदी वाक प्रतियोगिता

1. श्री ज्ञानेश्वर गोकुल पिसे, तकनीशियन, यांत्रिक .. प्रथम
2. श्रीमती कल्पना कुलकर्णी, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक .. द्वितीय
3. श्री दिनेश पेंदाम, कार्यालय अधीक्षक, विद्युत(टीआरओ) .. तृतीय
4. श्री पी.के.वर्मा, वरि.कार्य अध्ययन निरीक्षक .. सांत्वना-I
5. श्री मनोज सातनकर, प्रवर लिपिक .. सांत्वना-II

# हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 13 सितंबर, 2012 को अधिकारियों के लिए हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपस्थित अधिकारियों को हिंदी डिक्टेशन के निर्धारित लक्ष्य, डिक्टेशन पुरस्कार योजना, डिक्टेशन के क्षेत्र तथा अन्य आवश्यक संसाधनों आदि के बारे में राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल द्वारा स्लाइड शो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मुराधि द्वारा भी हिंदी डिक्टेशन के संबंध में मार्गदर्शन किया गया एवं निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।



अपर मंरेप्र एवं अपर मुराधि श्री प्रदीप वी. बारापात्रे हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला में मार्गदर्शन करते हुए

इस कार्यशाला में श्री विजय बोदेले, वरि.मं.वि.इंजी(टीआरओ); श्री डी.वी.देवघरे, वरि.मं.का.अधिकारी; श्री आर.बी.भार्गव, वरि.मं.वि.इंजी(कचस्टा); श्री परिवेश साहू, वरि.मं.यां.इंजी; श्री देबदास दत्ता, वरि.मं.वि.इंजी(सामान्य); श्री मनोज कुमार गांगेय, वरि.मं.परि.प्रबंधक; श्री अशोक कुमार मिश्रा, वरि.सहा.संरक्षा अधिकारी; श्री अनिल कुमार सोनी, सहा.मं.सि. एवं दूरसंचार इंजी./अकोला; श्री दीपक शर्मा, सहा.वा.प्रबंधक; श्री एस.आर.दायमा, सहा.का.अधिकारी; श्री नर्मदेश्वर झा, सहायक परि.प्रबंधक और श्री सुजीत कुमार सिंह, सहा.मं.इंजी./खंडवा सम्मिलित हुए।

# हिंदी दिवस संदेश वाचन

'हिंदी दिवस' के ऐतिहासिक एवं पावन अवसर पर 14 सितंबर, 2012 को मंडल कार्यालय के उत्तरी छोर में हिंदी दिवस संदेश वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री पी.वी.बारापात्रे ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को माननीय रेल मंत्री का 'हिंदी दिवस संदेश' पढकर सुनाया तथा राजभाषा माह के दौरान हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की। इस कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया।




अपर मंरेप्र एवं अपर मुराधि श्री प्रदीप वी. बारापात्रे ' हिंदी दिवस संदेश ' का वाचन करते हुए

# हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर, 2012 को एमओएच शेड, भुसावल द्वारा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण चल स्टाक) श्री आर. बी. भार्गव की अध्यक्षता में 'अधिक कार्यनिष्पादन हेतु अधिक अनुशासन' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रखे।

इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने निर्णायकों को अपने विचार से प्रभावित किया और पुरस्कार विजेता बने :-

प्रथम पुरस्कार (विभाजित) 1. श्री व्ही.एम.कोटस्थाने, जू. इंजी./ड्राइंग

2. श्री सौरभचंद्र आर्य, से. इंजी./न्यूमटिक

द्वितीय पुरस्कार 1. श्री मुकेश चौधरी, जू. इंजी./एच.आर.

तृतीय पुरस्कार (विभाजित) 1. श्री एस.डी.भालेराव, मुख्य टंकक/स्थापना

2. श्री पी.जी.किल्लेदार, मुख्य कार्या.अधी./भंडार

उपर्युक्त विजेता प्रतिभागियों को वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण चल स्टाक) श्री आर. बी. भार्गव द्वारा नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

# हिंदी कुंजीयन प्रशिक्षण

मंडल कार्यालय में राजभाषा विभाग के कर्मचारी समय-समय पर जांच करते रहते हैं और कंप्यूटरों में यूनिकोड फोंट सक्रिय करके संबंधित कर्मचारियों को हिंदी कुंजीयन में प्रशिक्षित करते हैं। तथापि, राजभाषा माह के दौरान 17 सितंबर, 2012 को मंडल कार्यालय के सभी शाखाओं के कंप्यूटर प्रयोक्ताओं जैसे कि आशुलिपिक, टंकक और लिपिक वर्ग जो कंप्यूटर पर अंग्रेजी में टाइप करते हैं, के लिए कंप्यूटर में यूनिकोड फोंट सक्रिय करने तथा यूनिकोट फोंट में टाइप करने के लाभ के बारे में स्लाइड शो के माध्यम से राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल ने कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यशाला में कर्मचारियों को यूनिकोड सक्रियकरण तथा टंकण आदि का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। यूनिकोड फोंट में अधिक से अधिक हिंदी का काम करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

इस कार्यशाला में श्री एल.जी.चौधरी, कार्यालय अधीक्षक /कार्मिक /टंकण; श्री सी.यू.शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक/ कार्मिक; श्री विजेयेंद्र कुमार ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक/ कार्मिक; श्री भारती एस.सोनवणे, कार्यालय अधीक्षक, विद्युत/टीआरओ; श्री निर्मल सिंह कँवर, प्रवर लिपिक, विद्युत/टीआरओ; श्री योगेश बारी, आशुलिपिक, विद्युत/टीआरओ; श्री किशोर पाटील, आशुलिपिक, विद्युत/सामान्य; श्री जी.बी.वाणी, आशुलिपिक / इंजीनियरी; श्री एम.एल.गोडबोले, प्रधान टंकक/ इंजीनियरी; श्रीमती सरिता आर.पटवर्धन, मुख्य टंकक/ परिचालन; श्रीमती भावना झा, कार्यालय अधीक्षक/ परिचालन; श्री एम.एल.काठीवाले, कार्यालय अधीक्षक/ यांत्रिक; श्री एन.आर.भोले, प्रधान टंकक/ यांत्रिक और श्री महेंद्र तायडे, आशुलिपिक/ यांत्रिक उपस्थित थे।

# मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

माननीय मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष श्री महेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मंडल कार्यालय के सभी शाखा अधिकारी, स्टेशन समितियों के सभी पदेन अध्यक्ष एवं स्टेशन प्रबंधक उपस्थित हुए। इस बैठक में मंडल पर पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में माननीय मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बहुमूल्य सुझाव दिए गए।

# त्रैमासिक ई - सूचना पत्र 'ताप्ती' अंक - 3 का लोकार्पण

- मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक ई-सूचना पत्र 'ताप्ती' के अंक-3 का मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष श्री महेश कुमार गुप्ता के कर-कमलों द्वारा लोकार्पण किया गया तथा उसे दिनांक 21.09.2012 को मध्य रेल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।





माननीय मंरेप्र श्री महेश कुमार गुप्ता मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 21.09.2012 को आयोजित बैठक के दौरान त्रैमासिक ई-सूचना पत्र 'ताप्ती' अंक-3 का लोकार्पण करते हुए

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जयंती

रेलवे बोर्ड के निर्देश हैं कि हिंदी पुस्तकालयों का नामकरण प्रसिध्द साहित्यकारों के नाम पर किया जाए और उनके चित्र तथा रचनाएं भी पुस्तकालय में रखी जाए एवं उनकी जयंती मनाई जाए। इन निर्देशों के अनुसरण में क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, भुसावल में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' के नाम पर हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय चलाया जा रहा है। मुख्य यार्ड प्रबंधक श्री डी.एस.राठौर की अध्यक्षता तथा राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल की उपस्थिति में 24 सितंबर, 2012 को रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती मनायी गई।



रामधारी सिंह 'दिनकर'
जन्म-तिथि: 23.09.1908



श्री डी.एस.राठौर, मुख्य यार्ड प्रबंधक माल्यार्पण करते हुए

इस अवसर पर यार्ड के कर्मचारियों एवं हिंदी पुस्तकालय के सदस्यों ने दिनकर जी के जीवन के प्रमुख बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री राठौर ने हिंदी पुस्तकालय एवं पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा श्री दिनकर जी की रचनाओं का अध्ययन करने के लिए कर्मचारियों का आह्वान किया। राजभाषा अधिकारी ने हिंदी पुस्तकालय को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए सुझाव दिया और अधिक से अधिक संख्या में पुस्तकालय का सदस्य बनने के लिए कर्मचारियों से अपील की।

# अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच

मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में 26 सितंबर, 2012 को मंडल के अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अपर मंडल एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री पी. वी. बारापात्रे द्वारा प्रश्न पूछकर शुरुआत की गई। सुरूचिपूर्ण माहौल में संपन्न इस कार्यक्रम के लिए उपस्थित अधिकारियों में काफी उत्साह देखा गया जो राजभाषा के लिए सुखद है। इस कार्यक्रम की यह भी खूबी रही कि पूरे समय उत्तर बताने और जानने की उत्कंठा तथा होड बनी रही। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से खेल-खेल में जानकारी की संकल्पना अपनाते हुए राजभाषा नीति, नियम एवं अधिनियम आदि की बडी ही सहजता से जानकारी देने में सफलता मिली। इस प्रश्नमंच में रोचक ढंग से घुमा-फिराकर प्रश्न पूछे गए, किंतु अधिकारियों ने सभी प्रश्नों का आसानी से जवाब दिया जिससे राजभाषा के प्रति उनकी गंभीरता का परिचय मिलता है। इस प्रश्नमंच में कुल 30 पुरस्कार वितरित किए गए।

अंत में, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उपस्थित अधिकारियों के प्रति राजभाषा अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# शाखा कार्यालयों में टेबल ट्रेनिंग एवं मोटिवेशन

राजभाषा विभाग के कर्मचारियों द्वारा 25 से 28 सितंबर, 2012 तक मंडल के सभी शाखाओं में टेबल ट्रेनिंग एवं मोटिवेशन कार्य किया गया। मोटिवेशन के दौरान टेम्पलेटों आदि की जानकारी देते हुए हिंदी के प्रयोग को सरल बनाया गया। कर्मचारियों द्वारा इस अभियान की काफी सराहना की गई।

# रेल कर्मचारियों के परिजनों के लिए प्रतियोगिताएं

महिला समाज सेवा समिति, भुसावल के तत्वावधान में भुसावल मंडल पर रेल कर्मचारियों के बच्चों (उम्र 06 से 15 वर्ष तक) के लिए दि. 09.09.2012 को 'ऑन दि स्पॉट' चित्रकला स्पर्धा तथा दि. 16.09.2012 को 'ऑन दि स्पॉट' हिंदी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया। उक्त स्पर्धाओं में बच्चों की भागीदारी निम्नानुसार रही :-

| क्र. | स्थान | चित्रकला स्पर्धा में बच्चों की संख्या | निबंध लेखन स्पर्धा में बच्चों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | रेलवे स्कूल भुसावल | 312 | 217 |
| 2. | रेलवे कालोनी खंडवा | 12 | 07 |
| 3. | रेलवे कालोनी अकोला | 22 | 12 |
| 4. | रेलवे कालोनी मनमाड | 50 | 34 |

# राजभाषा पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों तथा गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की 20 हजार शब्दों वाली योजना में भाग लेने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए 04 अक्तूबर, 2012 को ताप्ती क्लब में राजभाषा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री पी.वी. बारापात्रे ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री एम. के. गुप्ता, विशेष अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.ए.फडनीस ने कार्यक्रम की शोभा बढाई। मंडल सांस्कृतिक अकादमी द्वारा मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राम प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया।

# तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन

- जुलाई माह के दौरान मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में इनहांस क्रू कपलिंग असेम्बली तथा उसके दोष, कंडमनेशन प्रोसेस, बीएलसी वैगन की जानकारी और भंडार की कार्यप्रणाली विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में क्रमश: 43, 65, 57 और 48 अर्थात कुल 213 कर्मचारियों ने भाग लिया।

- अगस्त माह के दौरान मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में ओडीसी का लदान एवं यातायात तथा स्वीकृति, वैगन में लगने वाली मॉडीफाइड ब्रेक सिस्टम की जानकारी, सामान्य संरक्षा और कंट्रोल की कार्यप्रणाली विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में क्रमश: 28, 19, 50 और 28 अर्थात कुल 125 कर्मचारियों ने भाग लिया।



श्री परिवेश साहू, वमंयांइंजी, भुसावल की अध्यक्षता में आयोजित तकनीकी संगोष्ठी

- सितंबर माह के दौरान मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में ब्रेकडाउन कार्यप्रणाली, दुर्घटना के समय सवारी एवं मालडिब्बा पर्यवेक्षक के कार्य, नई वेल्डिंग की जानकारी, स्पेशल ट्रेन में लगने वाले एअर स्प्रिंग की कार्यप्रणाली और डीएआर तथा उसकी जाँच-पडताल विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में क्रमश: 52, 43, 21, 15 और 21 अर्थात कुल 152 कर्मचारियों ने भाग लिया।

# अधिकारियों के लिए हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार योजना

<u>(भारत सरकार, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड का दिनांक 04.12.1989 का पत्र सं: हिंदी/89/प्र.-7/10)</u>

इस योजना के मार्गदर्शी सिद्धांत निम्नलिखित होंगे –

1. ऐसे सभी अधिकारी, जिन्हें आशुलिपिक की सहायता उपलब्ध है या जो सामान्यत: डिक्टेशन देते हैं, इस योजना में शामिल हो सकते हैं।
2. योजना की अवधि कैलेंडर वर्ष (जनवरी से दिसंबर तक) है।
3. योजना में भाग लेने वाले अधिकारी, उनके द्वारा हिंदी में दिए गए डिक्टेशन का रिकॉर्ड रखेंगे। यह रिकॉर्ड उनके स्टेनो/ निजी सहायक भी रख सकते हैं। रिकॉर्ड के सत्यापन का पूरा उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारी का होगा। यह रिकॉर्ड निर्धारित ई-प्रोफार्मा में रखा जा सकता है अथवा संबंधित अधिकारी द्वारा एक फोल्डर रखा जा सकता है जिसमें डिक्टेशन देने वाले अधिकारी का नाम, डिक्टेशन देने की तारीख और डिक्टेशन लेने वाले कर्मचारी का नाम अंकित हो तथा दिए गए डिक्टेशन की प्रतियां संबंधित फाइल क्रमांक के साथ रखी गई हों।
4. हिंदी डिक्टेशन कार्य की एक न्यूनतम सीमा निर्धारित है अर्थात केवल वे अधिकारी इस पुरस्कार के पात्र होंगे जो वर्ष में कम से कम 20 हज़ार शब्द डिक्टेशन देंगे। अहिंदी भाषी अधिकारियों के लिए यह मात्रा 10 हज़ार शब्द प्रतिवर्ष होगी।
5. पुरस्कार योजना के अंतर्गत 1000 – 1000 रुपये के दो पुरस्कार होंगे। एक पुरस्कार ऐसे अधिकारियों के लिए जिनका घोषित निवास स्थान राजभाषा नियम 1976 में दी गई परिभाषा के अनुसार 'क' तथा 'ख' क्षेत्र के अंतर्गत हो और दूसरा पुरस्कार ऐसे अधिकारियों के लिए जिनका घोषित निवास स्थान 'ग' क्षेत्र में हो।
6. कार्यालय से तात्पर्य सामान्यत: उस कार्यालय से है जिसका स्थानीय मुख्य अधिकारी विभागाध्यक्ष अथवा कार्यालयाध्यक्ष घोषित किया गया हो।
7. पुरस्कार निर्धारित करने के लिए संबद्ध/ अधीनस्थ कार्यालय में कार्यालय के अध्यक्ष, मुख्य/ उप मुख्य राजभाषा अधिकारी और वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी की एक मूल्यांकन समिति गठित की जाए।
8. रेलों के हिंदी संगठन में कार्यरत अधिकारी इस योजना में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
9. ये पुरस्कार प्रतिवर्ष रेलों आदि में आयोजित हिंदी सप्ताह के अवसर पर दिए जाएंगे।

# प्रोत्साहन पुरस्कार

| क्र. | विवरण | शब्द सीमा | अवधि | पुरस्कार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एक अधिकारी (जिनका घोषित निवास स्थान 'क' तथा 'ख' क्षेत्र के अंतर्गत हो) | 20,000 शब्द या इससे अधिक | कैलेंडर वर्ष | रु.1000/- |
| 2. | एक अधिकारी (जिनका घोषित निवास स्थान 'ग' क्षेत्र के अंतर्गत हो) | 10,000 शब्द या इससे अधिक | कैलेंडर वर्ष | रु.1000/- |
| 3. | आशुलिपिक | 5 टिप्पणी / पत्र प्रतिदिन | प्रतिमाह | रु.120/- |

# ई – प्रोफार्मा

| क्र. | दिनांक | फाइल संख्या | शब्दों की संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |
| 7. | | | | |
| 8. | | | | |
| 9. | | | | |
| 10. | | | | |
| 11. | | | | |
| 12. | | | | |

अधिकारी के हस्ताक्षर :----------------------------------

नाम :----------------------------------

पदनाम :----------------------------------

# फोटो गैलरी


मध्य रेल
भुसावल मंडल
राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह
दिनांक-01/10/12




राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह








राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह


मध्य रेल्वे
राजभाषा माह
सितंबर 2012


मध्य रेल्वे
राजभाषा माह
सितंबर 2012

## संपादकीय,

त्रैमासिक सूचना-पत्र ताप्ती का चतुर्थ अंक आपको समर्पित है। यह अत्यधिक खुशी की बात है कि मंडल का सूचना-पत्र अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुका है। इस सूचना-पत्र में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं पुरस्कार योजना की जानकारी दी गई है। मंडल के सभी शाखा अधिकारियों और स्टेशन / डिपो प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग / स्टेशन / डिपो में किए जा रहे कार्यों / गतिविधियों का विवरण हमें उपलब्ध कराते रहें ताकि आगामी अंक में उसे प्रकाशित किया जा सके।

राम प्रसाद शुक्ल
राजभाषा अधिकारी एवं संपादक


**संरक्षक**
महेश कुमार गुप्ता
मंडल रेल प्रबंधक

**मार्गदर्शन**
प्रदीप बारापात्रे
अपर मंडल रेल प्रबंधक
एवं
अपर मुराधि

**संपादन**
राम प्रसाद शुक्ल
राजभाषा अधिकारी

**सहयोग**
राजभाषा विभाग
सि. एवं दू. शाखा

संपर्क: 011-55010 / 55015 (रेलवे), 02582–223827 (भासंनिलि)

(मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, राजभाषा विभाग, मध्य रेल, भुसावल द्वारा केवल सरकारी उपयोग हेतु प्रकाशित)